# 9 कैसा-कितना (विशेषण)

Adjective



यह कैसा है, वह कैसा है, यह कितना है, वह कितना है?
इनके उत्तर जो समझाएँ, वे शब्द विशेषण कहलाएँ।

**आओ, राजन की कार देखते हैं—**



राजन के पास **एक** कार है। (कितनी)

यह **लाल** रंग की है। (कैसी)

यह **बड़ी** कार है। (कैसी)

**एक**, **लाल** और **बड़ी** शब्द कार के बारे में बता रहे हैं।

**अब इन बच्चों को देखो—**



कितने बच्चे हैं? — **तीन**

बच्चे कैसे हैं? — **मोटे**

**तीन** और **मोटे** शब्द बच्चों के बारे में बता रहे हैं।

**जो शब्द संज्ञा के बारे में कितना या कैसा बताते हैं, उन्हें विशेषण कहते हैं।**

# अभ्यास


देखो, क्या जाना


**1. सही शब्द चुनकर खाली स्थान भरो— (Decision Making)**

क. बगीचे में ……रंग-बिरंगे…… फूल खिले हैं।
ख. आसमान में ……चार…… पतंगें उड़ रही हैं।
ग. ……ठंडी…… हवा चल रही है।
घ. पिता जी ……मीठे…… आम लाए हैं।

| |
|---|
| मीठे |
| ठंडी |
| रंग-बिरंगे |
| चार |

**2. वस्तुओं को उनकी विशेषताओं से मिलाओ— (Decision Making)**



लाल
कड़वा
गोल
दो

**3. नीचे दिए गए चित्रों के लिए दो-दो विशेषण चुनकर लिखो— (Critical Thinking/Decision Making)**



……दो…… ……सफ़ेद……

| |
|---|
| दो, पाँच |
| सफ़ेद, काली |



……ठंडी…… ……मीठी……

| |
|---|
| ठंडी, गरम |
| मीठी, फीकी |